# सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२३-२०२४

कक्षा:-चार | विषय: हिंदी | पाठ: ३ साहसी जुंको ताबेई

## कठिन शब्द

१. सशक्त

२. मज़बूत

३. पर्वतारोही

४. भविष्यवाणी

५. शिखर

६. पर्वतारोहण

७. बाल्यकाल

८. निरंतर

९. अभियान

१०. एल्पाइन क्लब

११. हौसला

१२. हिमस्खलन

१३. धमाका

१४. रफ़्तार

१५. तंग

## प्रश्न/उत्तर

**प्रश्न १. जुंको ताबेई के व्यक्तित्व के बारे में दो वाक्य लिखिए?**

**उत्तर:-क) जुंको ताबेई निडर, साहसी महिला थीं।**

**ख) जुंको ताबेई अत्यंत परिश्रमी महिला थी।**

**प्रश्न २:- जुंको ने पर्वतारोहण का अनुभव प्राप्त करने के लिए क्या-क्या प्रयास किए?**

**उत्तर:- जुंको ताबेई नौकरी छोड़कर पर्वतारोहण अभियान में शामिल हो गई। उन्होंने अनेक अभियानों का नेतृत्व किया। वह एल्पानन क्लब की सदस्या बनीं। वह 'अन्नपूर्णा अभियान दल' के उप-प्रमुख थीं।**

**प्रश्न ३:- एवरेस्ट पर चढ़ते समय जुंको के दल को कौन-कौन सी घटनाओं का सामना करना पड़ा?**

**उत्तर:- जुंको के दल को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा एवरेस्ट पर चढ़ते समय उन्हें तेज हवाओं तथा हिमस्खलन का सामना करना पड़ा। रास्ता कठिन और तंग भी था।**

**प्रश्न ४ :-चोटी पर पहुँचने के बाद जुंको को कैसा लगा?**

उत्तर:-एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचकर जुंकों को विश्वास ही नहीं हुआ कि वह संसार की सबसे ऊँची पर्वत चोटी पर पहुँच चुकी है। उनकी खुशी का ठिकाना ना था।

## वाक्य प्रयोग

१. भविष्यवाणी- भविष्य में होने वाली घटना के बारे में बताना

मौसम विभाग में बारिश होने की भविष्यवाणी की।

२. पर्वतारोही- पर्वत पर चढ़ने वाला/वाली

भारत की प्रथम महिला पर्वतारोही बछेंद्री पाल थी।

३. अभियान-कार्यक्रम

हमारे देश के प्रधानमंत्री जी ने 'स्वच्छ भारत अभियान' चलाया।

४. हौसला- साहस

कक्षा में प्रथम आने पर रमन का हौसला और बढ़ गया।

५. बाल्यकाल-बचपन

मोहिनी ने बाल्यकाल से ही नृत्य की शिक्षा लेना प्रारंभ कर दिया था।

## रिक्त स्थान

१. वर्ष 1975 में अंतर्राष्ट्रीय महिला वर्ष मनाया गया था।

२. जुंको तबाई जापानी पर्वतारोही थी।

३. जुंको ताबेई का विवाह मासनोबु ताबेई के साथ हुआ था।

४. एवरेस्ट अभियान से पहले जुंको ताबेई ‘अन्नपूर्णा अभियान’ में शामिल हुई थीं।

५. जुंको ताबेई का निधन लंबी बीमारी के बाद 20 अक्तूबर 2016 को हुआ।